जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

24 जून, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बी.टेक छात्र के स्टार्टअप को उत्पाद विकास में तेजी लाने हेतु स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) के अंतर्गत ₹10 लाख प्राप्त हुए

जामिया मिल्लिया इस्लामिया को अपने एक प्रतिभाशाली बी.टेक छात्र श्री आरिफ जमाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो कि एक महत्वाकांक्षी उद्यमी हैं, जिन्होंने अपने स्टार्टअप उद्यम, यूवेरा मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रतिष्ठित स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एस आईएसएफएस) के अंतर्गत सफलतापूर्वक ₹10 प्राप्त किए हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के तत्वावधान में संचालित इस होनहार स्टार्टअप को सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईई), जेएमआई द्वारा समर्थन प्राप्त है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के चौथे वर्ष के बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) के छात्र श्री आरिफ जमाल अपने डिग्री कोर्स के अंतिम वर्ष से ही अपने उद्यम के प्रति पूरी लगन से कार्य कर रहे हैं। वे एक दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हैं जो विभिन्न विषयों से विचारों को एकीकृत करने, विविध टीमों के साथ सहयोग करने के साथ साथ विभिन्न उद्योगों में अवधारणाओं को लागू करने में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। नवाचार एवं निरंतर सीखने की उनकी अथक खोज, चुनौतियों से निपटने की उनकी उत्सुकता उनकी उद्यमशीलता की यात्रा को परिभाषित करती है।

यूवेरा मोबिलिटी एक अभिनव स्टार्टअप है जो अत्याधुनिक समाधानों सहित क्लीनटेक और एग्रीटेक उद्योगों में क्रांति लाने के लिए समर्पित है। यह उद्यम ऐसे संधारणीय गतिशीलता समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो प्रदर्शन, दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर बल देते हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय में अपितु व्यापक उद्यमी समुदाय में भी प्रशंसा अर्जित की है। शुरुआत में बूटस्ट्रैप किए गए, स्टार्टअप ने अब प्रोटोटाइप विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। SISFS से वित्तीय सहायता मिलना नवाचार और स्थिरता के प्रति यूवेरा मोबिलिटी के समर्पण को मान्य करती है।

यूवेरा मोबिलिटी के संस्थापक और सीईओ श्री आरिफ ने कहा कि "हम SISFS से यह समर्थन पाकर रोमांचित हैं। यह फंडिंग हमारे विकास पथ को आगे बढ़ाने और हमें ऐसे अभिनव समाधान विकसित करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी जो संधारणीय गतिशीलता को बढ़ावा देते हैं। हम जामिया मिल्लिया इस्लामिया और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर के आभारी हैं, जिन्होंने हमारी यात्रा के दौरान हमें अटूट समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया ।"

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर के निदेशक डॉ. रिहान खान सूरी ने स्टार्टअप की पहल की प्रसंशा की। "एसआईएसएफएस फंडिंग हासिल करने में यूवेरा मोबिलिटी की उपलब्धि जामिया मिल्लिया इस्लामिया में उद्यमशीलता की भावना और नवाचार को बढ़ावा देने का प्रमाण है। हमें आरिफ जमाल और उनकी टीम पर उनके समर्पण और दूरदर्शिता हेतु गर्व है। सीआईई,

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ऐसे उपक्रमों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, और हम उनकी निरंतर सफलता को देखने के लिए उत्सुक हैं।"

जामिया मिल्लिया इस्लामिया को यूवेरा मोबिलिटी संग अपने सहयोग पर बहुत गर्व है, जो अपने छात्र संस्थापक की उल्लेखनीय उद्यमशीलता की भावना को पहचानता है। यह नवाचार को बढ़ावा देने और छात्र-नेतृत्व वाले उपक्रमों का समर्थन करने की दिशा में विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाता है। यूवेरा मोबिलिटी के इस आशाजनक नए चरण की शुरुआत के साथ, जामिया मिल्लिया इस्लामिया इस उद्यम को आगे बढ़ाने वाले युवा उद्यमियों को हार्दिक बधाई और अटूट समर्थन देता है। यह उपलब्धि जामिया मिल्लिया इस्लामिया द्वारा पोषित उद्यमशीलता की भावना का प्रमाण है, जो नवाचार को बढ़ावा देने एवं अपने छात्रों के उद्यमशीलता प्रयासों का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण को प्रदर्शित करती है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया